सार-समाचार

सौर वृक्ष का उद्घाटन



उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संगठक कॉलेज सीटीएई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में सौर वृक्ष का उद्घाटन कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ विक्रमादित्य दवे ने इस वृक्ष का निर्माण किया है। इसका नाम नवनिधि अष्ट सिद्धि रखा गया है। इसके पीछे कई वैज्ञानिक कारण बताएं। इस सौर वृक्ष में 9 पैनल (नव) का प्रयोग हुआ है एवं यह वृक्ष आठ (अष्ट) प्रकार के विशिष्ट कार्य करता है, जो कृषि कार्य में बहुत उपयोगी है। यह वृक्ष जो 2.25 किलोवाट क्षमता का है उसकी लागत डेढ़ लाख आई है। वही कुलपति कर्नाटक ने दो सप्ताह चलने वाले अटल कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। कुलपति ने बताया कि विद्युत अभियांत्रिकी विभाग पिछले 5 साल से अटल कार्यक्रम आयोजित करवा रहा है और एक बार फिर एक नए विषय सौर फोटोवोल्टिक एवं ई-वाहन को इस कार्यक्रम का विषय बनाया। अधिष्ठाता डॉ पी के सिंह ने बताया कि अटल कार्यक्रम के तहत प्रतिभागी नवाचार कर विभाग एवं कॉलेज को एक उत्पाद देने का प्रयास करें। अटल कार्यक्रम के समन्वयक डॉ विक्रमादित्य दवे ने बताया कि इस कार्यक्रम में 50 प्रतिभागी राजस्थान के विभिन्न तकनीकी कॉलेजों से भाग ले रहे हैं जो पहला सप्ताह ऑनलाइन तरीके से सैद्धांतिक विषय को जानेंगे और दूसरे सप्ताह ऑफलाइन प्रायोगिक प्रशिक्षण द्वारा ज्ञान प्राप्त करेंगे। कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय कैलेंडर एवं डॉ विक्रमादित्य दवे द्वारा लिखित पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

रेडक्रॉस सोसायटी ने कंबल बांटे

उदयपुर, (कासं)।भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा द्वारा सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत सोमवार से जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्य का शुभारंभ किया। सोसायटी के अध्यक्ष व जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में जरुरतमंदो को कंबल वितरण के इस कार्य का विधिवत शुभारंभ किया और कहा कि कड़ाके की इस ठंड में कंबल वितरण का कार्य सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने सोसायटी के सेवा प्रकल्पों की सराहना की और इसके विस्तार का आव्हान किया। इस मौके पर चेयरमैन गजेंद्र भंसाली ने बताया कि हमारी हिंदू संस्कृति में भी प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर्व पर या इससे पूर्व वस्त्र दान एवं अन्न दान करने की परम्परा रही है। मानद सचिव सुनील गांग ने बताया कि कन्वीनर धीरज छाजेड़ के नेतृत्व में इस सेवा प्रकल्प के शुभारंभ दौरान कोषाध्यक्ष राकेश बापना, गौरव सुराणा, संजय जैन, दलपत जैन, महेंद्र सिंह की टीम के साथ अनेक सदस्यों ने शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हुए अर्धरात्रि तक में सड़क किनारे सोए हुए और ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को 400 से ज्यादा कंबल बांटी गई। इस मौके पर समाजसेवी पीयूष कच्छावा भी मौजूद थे।

इंदिरा रसोई का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने सोमवार देर शाम एमबी चिकित्सालय में इंदिरा रसोई का औचक निरीक्षण किया और यहां पर दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रसोई में खाना खा रहे रोगियों के परिजनों से मुलाकात की और उनसे खाने की गुणवत्ता और इसके लिए दी जा रही निर्धारित राशि के बारे में पूछा। लाभार्थियों ने खाने की पूर्ण गुणवत्ता की जानकारी दी और कहा कि रसोई में निर्धारित आठ रूपये ही लिए जा रहे हैं। कलक्टर ने इस दौरान एक परिजन द्वारा रोगी को इमरजेंसी में भर्ती करवाने के आग्रह पर मौके से ही पीएमओ को तत्काल रोगी को इमरजेंसी में भर्ती करने के निर्देश भी दिए। कलक्टर को अपने बीच आया देख रोगियों के परिजनों ने अपनी अपनी समस्याएं और रोगियों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस दौरान समाजसेवी पीयूष कच्छावा भी मौजूद रहे।

मेवाड़ा प्रजापति प्रीमियर लीग शुरू

उदयपुर, (कासं)। मेवाड़ा प्रजापत समाज सेवा संस्थान कैलाशपुरी के तत्वाधान में एमबी क्रिकेट ग्राउंड पर मेवाड़ा प्रजापति प्रीमियर लीग 2023 का शुभारंभ हुआ।खेल मंत्री विजय प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी अतिथियों एवं भामाशाहो का क्रिकेट आयोजन समिति के युवाओं द्वारा सम्मान किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत ने खेल के माध्यम से सभी युवाओं के एकजुट होने का आव्हान किया। संस्थान संरक्षक बंशीलाल कुम्हार ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए आयोजन को सफल बनाने को कहा। पहले दिन 3 मैच खेले गए। पहले मैच में हिंद क्लब ने रॉयल ड्रीमर्स को 35 रनों से हराया। दूसरे मैच में कृष्णा क्लब ने मेवाड़ क्लब को 8 विकेट से हराया और तीसरे मैच में प्रताप क्लब ने हंसराज क्लब को 5 विकेट से हराया।

नई कार्यकारिणी घोषित

उदयपुर, (कासं)। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की उदयपुर चैप्टर की नई कार्यकारिणी 2023 का चयन किया गया। चैप्टर के अध्यक्ष सीएस रौनक झुठावत ने बताया कि प्रतिवर्ष जनवरी में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाता है। इस वर्ष सर्वसहमति से अध्यक्ष पद के लिए महिपाल सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष पुष्करलाल जाट, सचिव सूर्य प्रकाश मोड़, कोषाध्यक्ष शैलेश जैन और कमिटी के अन्य सदस्य भानुप्रिया मेहता शैलेश जैन, रोहिणी अवचार, अर्पित कालानी को निर्वाचित किया।

युवक ने फांसी लगाई

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूरजपोल थाना क्षैत्र दीवानशाह कॉलोनी सूरजपोल निवासी जफर खां (23) पुत्र साबीर खां ने सोमवार सवेरे अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। गत दिनों जफर की मां का कोरोना से निधन हो गया था एवं कुछ समय बाद हादसे में पिता की भी मौत हो गई।

लेकसिटी में सीजन की सबसे ठंडी रात, धूजणी छूटी

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में ठंडी हवाओं के साथ ठंड भी अब बर्फीली हो गई है। उत्तरायण की इस ठंड से धूजणी छूटा दी है वहीं रविवार की रात का तापमान और गिरकर इस सीजन की सबसे सर्द रात के साथ 2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। वहीं उदयपुर शहर के मैदानी इलाको के लिए सीटीएई परिसर में तापमान -4.6 डिग्री दर्ज किया गया।

■ **सीटीएई कॉलेज में तापमान माईनस 4.6 दर्ज हुआ**

उदयपुर में बर्फीली हवाओं के साथ पड़ रही ठंड से केशवनगर क्षेत्र में गाड़ी पर जमी बर्फ की परत।

शीत लहर लेकसिटी में कड़ाके की सर्दी फिर से ले आई है। दिन के तापमान में सोमवार को बढोतरी तो हुई लेकिन बर्फीली हवाएं दिनभर ऊनी वस्त्रों को पहनने को मजबूर कर रही है वहीं अलसुबह शहर के मैदानी इलाके गुलाबबाग, सीटीएई परिसर व शहरी क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों के खेतों में चने की फसलों पर बर्फ की परत जम गई है। रविवार की रात का तापमान शनिवार की तुलना में और गिर गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री था जो 0.7 डिग्री और गिरकर 2 डिग्री पर पहुंच गया। रविवार की रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो रविवार को क्रमशः 19.2 व 2.7 था। बर्फीली ठंड से बचाव के लिए दिनभर कार्यालयों व घरों में लोग हीटर का सहारा लिए नजर आए वहीं दुकानदार शाम होते ही अलाव के सहारे दुकानों के बाहर ठंड से निजात की जुगत में लगे रहे।

इधर, मौसम विज्ञानियों के अनुसार कड़ाके की ठंड 20 जनवरी तक बनी रहेगी। हवाओं के थमने के बाद ही सर्दी का अहसास कम होगा। तेज ठंड के साथ ही शहर के ऊनी बाजारों में गर्म वस्त्रों की डिमांड भी बढ गई है। शहर के समोर बाग स्थित तिब्बतियन मार्केट व टाउनहॉल में वूलन मार्केट में भी इन दिनों लोग ऊनी वस्त्र खरीदते दिखाई दे रहे है वहीं सर्दी के खुराक के रूप में इन दिनों बाजारों में गजक, गुड पपड़ी, तिल आदि की बिक्री भी बढ़ गई है।

'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जागरूकता रथ रवाना

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के जागरूकता रथ को एडीएम प्रशासन ने रवाना किया।

उदयपुर, (कासं)। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनान्तर्गत जागरूकता रथ को अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ओ.पी.बुनकर ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर जिले के विभिन्न ब्लॉक्स के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि जिले में रथ के माध्यम से अधिकाधिक बालिकाओं को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इनके प्रावधानों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक देना जरूरी है। महिला अधिकारिता उपनिदेशक संजय जोशी ने बताया कि यह जागरूकता रथ गोगुन्दा, सायरा, कोटड़ा, फलासिया, झाड़ोल एवं गिर्वा पंचायत समिति के विभिन्न गांवों एवं ग्राम पंचायतों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उडान योजना, शिक्षा सेतु, निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सामूहिक विवाह अनुदान योजना एवं बाल विवाह रोकथाम एवं महिला हिंसा की रोकथाम के लिये वन स्टॉप सेन्टर, इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र, महिला सुरक्षा एवं सलाह आदि योजनाओं का प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। इस जागरूकता रथ में टेलीविजन, लाउडस्पीकर एवं कठपुतली शो के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

कार्यशाला 19-21 जनवरी को

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय लोकमान्य तिलक शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण पत्र के आधार पर तीन दिवसीय 'भारतीय भाषाओं में शोध एव अकादमिक लेखन' विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 19-21 जनवरी को महाविद्यालय के सभागार में किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत करेगे। कार्यशाला समन्वयक प्रो. सरोज गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में कुल 9 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भाषा एवं भारतीय भाषायें, शोध का संप्रत्यय एवं भारत में भाषाई शोध संबंधी नवीनतम प्रवृत्तियां, भाषाओं में शोध समस्याओं की पहचान एवं शोध प्रारूप निर्माण, भाषा में शोध विधि, न्यादर्श, उपकरण एवं दत्त संग्रहण विश्लेषण तकनीकी, भाषाई शोध उपकरणों की वैधता एवं विश्वसनीयता, भाषाई शोध प्रतिवेदन लेखन, आधारित तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। कार्यशाला में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विषय विशेषज्ञ संदर्भ व्यक्तियों के साथ भाषा क्षेत्र से जुडे संभागी उपस्थित होंगे।

सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित किया

उदयपुर, (कासं)। जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को प्रेरित किया जा रहा है। सोमवार को आरटीओ पी.एल.बामनिया व डीटीओ डॉ. कल्पना शर्मा की उपस्थिति में आईएचसीएल कंपनी उदयपुर की तीनों होटल्स ताज लेक पैलेस, ताज फतह प्रकाश, ताज अरावली रिसोर्ट एण्ड स्पा द्वारा ताज फतह प्रकाश के सम्कार हॉल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों व स्टाफ सदस्यों को आरटीओ व डीटीओ ने सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी और इनकी पालना के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने ली खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा है कि राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेल उदयपुर के खेल जगत विस्तार की दिशा में माइल स्टोन बनने जा रहा है क्योंकि हमारे गत ओलंपिक खेलों में पंजीकरण के साथ जी-20 में शेरपा बैठक की सफलता के बाद शहरी ओलंपिक खेलों के राज्य स्तरीय खेलों की मेजबानी मिलने की भी संभावना है।

ऐसा होने पर हमें और भी अधिक गंभीर होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेजबानी मिलते ही शहर के सभी खेल मैदानों और हॉस्टल्स की दशा ही सुधर जाएगी। कलक्टर मीणा सोमवार शाम राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए जिले के समस्त खेल संघों के पदाधिकारियों और वरिष्ठ खिलाडियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने समस्त पदाधिकारियों और खिलाडियों से आ ान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इन ओलंपिक खेलों के पंजीयन के लिए युवा खिलाडियों को प्रोत्साहित करें। इस मौके पर उन्होंने खेल संघ पदाधिकारियों और वरिष्ठ खिलाडियों से एक-एक कर संवाद किया और कहा कि सिर्फ खेलों के पंजीयन ही नहीं अपितु हमें खेलों के सफल आयोजन के लिए मैदानों को भी तैयार करना होगा। इसके साथ ही खिलाडियों को अभ्यास करवाने के साथ ही उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित करने की भी आवश्यकता है। कलक्टर ने इस दौरान समस्त बीएलओ को भी खेलों के पंजीयन कार्य से जोड़ने के लिए निर्देश जारी किए। बैठक दौरान कयाकिंग केनोईंग खेल संघ के अध्यक्ष पीयूष कच्छावा, बैडमिंटन खेल संघ के अध्यक्ष सुधीर बख्शी, दिनेश चंद्र श्रीमाली, जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन सहित अन्य खेल संघ पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। बैठक दौरान कलक्टर मीणा ने कहा कि शहरी ओलंपिक में आमजन को प्रोत्साहित करने के लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों और अधीनस्थ कर्मचारियों को इन खेलों के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया है और इस संबंध में निर्देशित भी किया जा रहा है।

सार-समाचार

हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। मारपीट कर पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को पहाडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पहाडा थानाधिकारी सुनिल चावला ने गत दिनों नया गांव खेरवाडा हॉल सरेरा निवासी नीरू की मारपीट कर हत्या करने के आरोपी मृतका के पति नया गांव खेरवाड़ा हॉल सरेरा निवासी ललित पुत्र सोमा को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार ललित मजदूरी करता था एवं शराब पीने का आदी तथा अपनी पत्नी पर शंका किया करता था। इसी के चलते 14 जनवरी रात में उसने पत्नी नीरू की मारपीट कर दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसको देख आरोपी फरार हो गया।सूचना मिलने पर थानाधिकारी सुनिल चावला ने मौके पर पहुंच कर मृतका को खेरवाडा चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी। इस पर मृतका के पीहर खाण्डीओवरी निचला फला खेरवाडा से आए उसके पिता शंकरलाल पुत्र बदा डामोर ने ललित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया।

विवाहिता ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। लसाड़िया थाना क्षैत्र में विवाहिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मृतका पिता ने उसके पति के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार लसाड़िया थाना क्षैत्र चित्तौडिया गांव निवासी लीला पत्नी प्रकाश ने 14 जनवरी को अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर लसाड़िया थानाधिकारी विजेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंच कर मृतका के पीहर से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौपा। पुलिस ने मृतका के पिता वरधा फला झापला लसिादिया निवासी ख्ता पुत्र तौला मीणा की रिपोर्ट पर प्रकाश के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि दो वर्ष पूर्व लीला का विवाह हुआ था।

जेवरात चुराने वाला दबोचा

उदयपुर, (कासं)।मकान मालिक के घर से सोने के जेवरात चुराने वाले को हिरणमगरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि 14 जनवरी को हिरणमगरी निवासी राजकुमार पुत्र छगनलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि किशनलाल वेद, उसकी पत्नी व बेटा वैभव मकान में किराए पर रहते है। एक माह पूर्व किरायेदार किशनलाल का बेटे वैभव ने अपने दोस्त रोहित के साथ मिलकर उसके घर के ताले तोड़े और अलमारी में रखे दो कान की टोकरिया, चार सोने की चुडिया, एक मोती जड़ित गले का मादलीया और एक गले की तुलसी चुरा ले गये। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर एएसआई बसंतीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी चाणक्यपुरी सेक्टर 4 निवासी रोहित पुत्र छोगालाल राव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराए गए जेवरात बरामद किए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

मारपीट का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। खाना खाने के दौरान विवाद होने पर पीडित के साथियों के साथ मारपीट करने वाले होटल बाउंसरों के खिलाफ गोवर्धन विलास थाना पुलिसने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हिरणमगरी से. 14 निवासी कुणाल पुत्र पवन किंगारी ने होटल बी टाउन के बाउंसरों के खिलाफ मित्रों के साथ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 15 जनवरी रात में मैं अपने साथियों के साथ होटल में खाना खाने गया था। जहां किसी बात को लेकर विवाद होने पर होटल में तैनात बाउंसरों ने मेरे मित्रों के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

हृदयाघात से मौत

उदयपुर, (कासं)। इसी तरह सूरजपोल थाना क्षैत्र कुमावतपुरा निवासी महिपाल (36)पुत्र जगनाथ राठोड तेली को सोमवार सवेरे सीने में दर्द होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कलेक्टर को मिलेगा अवार्ड

उदयपुर, (कासं)। सुशासन के लिए नवाचार श्रृंखला में जिला कलक्टर ताराचंद मीणा की पहल पर प्रारंभ किया गया मिशन कोटड़ा अब कलक्टर को प्रधानमंत्री अवार्ड दिलाएगा। केन्द्रीय कार्मिक विभाग के उप सचिव द्वारा भेजे गए पत्र में इस तथ्य की पुष्टि हुई है। लोक प्रशासन में नवाचारों के माध्यम से श्रेष्ठ सेवाएं देने के लिए प्रधानमंत्री अवार्ड के लिए शॉर्ट लिस्टेड हुए कलक्टर मीणा को कार्मिक मंत्रालय के उप सचिव ने एक पत्र भेजा है जिसमें उन्हें आगामी 2 फरवरी को नई दिल्ली में कलेक्टर मीणा को नवाचार पर प्रस्तुतीकरण देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी प्रशान्त पुशनानी सिन्धी पिता श्री रमेश भाई पुशनानी निवासी 14, लक्ष्मी नगर, बंगलोच धामीघर, बंगलोच के पास पार्श्वनाथ टाउनशिप, नरोडा, अहमदाबाद गुजरात हाल हर्ष नगर अम्बामाता उदयपुर राजस्थान द्वारा एक पॉवर ऑफ एटोर्नी दिनांक 26/09/2022 को श्री छगन लाल पिता श्री वक्तराम गमेती निवासी गणेश नगर पहाडा गिर्वा उदयपुर राजस्थान के पक्ष में निष्पादित की थी। वह पॉवर ऑफ एटोनी मेरे व्यवहारी द्वारा आज दिनांक से निरस्त की जाती है।

उक्त पॉवर ऑफ एटोनी का आज दिनांक से कोई औचित्य नहीं रहेगा एवं श्री छगन लाल आज दिनांक से उस पॉवर ऑफ एटोर्नी का उपयोग नहीं करें यदि किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी व जवाबदारी उसकी स्वंय की रहेगी।

दिनांक: 16.1.23

गोपाल जोशी एडवोकेट

चेम्बर नं.-62, कोर्ट परिसर, उदयपुर (राज.)

Mob.: 8107080988

fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **23 January 2023** at below mentioned branches.

BANSWARA - 22660000208491, 22660000237455, 22660000253774, 22660000279995, 22660000302903, 22660000308032 | **CHITTORGARH** - 22660000264553, 22660000268886, 22660000274224, 22660000283797, 22660000917246 | **DUNGARPUR** - 22660000274744, 22660000278927 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 22660000217913, 22660000790392 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 22660000225188, 22660000229761, 22660000260081, 22660000304940 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 22660000292500, 22660000302713, 22660000303162.

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

क्राफ्ट मेला में दिखा उत्साह

उदयपुर, (कासं)। जिला प्रशासन व राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा उदयपुर के नगर निगम प्रांगण में आयोजित उदयपुर सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे है। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अनिल पहाडिया ने बताया कि मेले में राजस्था के साथ अन्य राज्यों से आई महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित उत्पादो की बिक्री जारी है एवं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध ह। मेले में आमजन खरीदारी एवं मनोरंजन के साथ सांस्कृतिक संध्या का भी लुत्फ उठा रहे है। पहाडिया ने बताया कि इस मेले में अशोक संगीत गुरूकुल संगीत संस्था द्वारा अशोक राव एवं उनकी टीम द्वारा गणपति वन्दना, स्वागत गीत कैसरिया बालम, गौर बन्ध नृत्य, एकल नृत्य (बनी थारो चांद सरीखो मुखडो), सुफी गीत (दमादम मस्त कलंदर), किशनगढ़ का चरी नृत्य, सिद्धार्थ राव द्वारा रामायण गायन, नीम्बुडा गीत, घूमर नृत्य, भवाई नृत्य, घूमर नृत्य, बन्ना बनी नृत्य, चिरमी नृत्य, आदि की प्रस्तुति ने समा बांधा। आज संगीत संस्था के सिंगर अशोक राव, जितेन्द मेघवाल, निखिल मेनारिया द्वारा सदाबहार नगमों की प्रस्तुतियां दी।

दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा उदयपुर में दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। प्रातः अहिंसा यात्रा के पश्चात नगर निगम के सुखाडिया रंगमंच में उद्घाटन सत्र और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन हुआ जहां गांधी विचारकों ने वक्तव्य दिए। इसके पश्चात सायं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रथम दिवस के कार्यक्रमों का समापन हुआ। मंगलवार को सुबह 9:30 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा, 11 बजे हार्टफुलनेस मेडिटेशन तथा प्रशिक्षण सत्र एवं सायं 4 बजे समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा।

■ **गिरिजा व्यास ने कहा नई पीढ़ी को गांधी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत**

जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन अहिंसा मार्च का आयोजन हुआ।

अहिंसा यात्रा को सुबह पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने गाँधी मैदान से शहीद स्मारक नगर निगम तक झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। अहिंसा यात्रा के दौरान लोगों ने महात्मा गांधी अमर रहे के नारे लगाए और साथ ही गांधी के विचारों पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान गांधी दर्शन समिति के संयोजक पंकज कुमार शर्मा, सुधीर जोशी, फिरोज अहमद शेख, जिला परिषद एसीईओ विनय पाठक सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लेकर अहिंसा मार्च को सफल बनाया। नगर निगम के सुखाडिया रंगमंच पर 11 बजे उद्घाटन सत्र का आयोजन हुआ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास ने अपने वक्तव्य में कहा कि हेट स्पीच पर रोक लगना जरूरी है एवं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट भी निर्देश दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश में गंगा जमनी संस्कृति है और सर्व धर्म समभाव को लेकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में गांधी के विचार बेहद सामयिक हो गए हैं, नई पीढ़ी को गांधी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व्यास ने कहा कि गांधी आज के समय भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि आजादी से पहले थे। देश के सुप्रसिद्ध गांधी विचारक प्रोसेफर सतीश राय कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने गांधी के समूचे जीवन पर प्रकाश डाला और उनके जीवन की विभिन्न घटनाओं को उल्लेखित करते हुए उससे प्रेरणा लेने की बात कही। प्रोफेसर राय ने चंपारण सत्याग्रह, अफ्रीका में गांधी को रेल से उतारे जाने की घटना और उस घटना से उनके जीवन में आए परिवर्तन, असहयोग आंदोलन, गांधी और नेहरू की प्रथम मुलाकात, बतख मिया का किस्सा, भारत छोड़ो आंदोलन के हिस्से आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला और उन घटनाओं को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 (राजस्थान), फोन नं.: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स वी भादू इंफ्राबिल्ड प्राईवेट लिमिटेड जिसे पहले मैसर्स लेकसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड** के नाम से जाना जाता था निदेशक एवं जमानतदार **श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू एवं श्रीमती निर्मल भादू पत्नी श्री विरेन्द्र भादू** पर मांग सूचना दिनांक 01.11.2022 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 31.10.2022 को बकाया राशि रू. 6,01,38,274.35 (रूपये छह करोड़ एक लाख अड़तीस हजार दो सौ चौहत्तर एवं पैसे पैंतीस मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 11, माह जनवरी, वर्ष 2023** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 09.01.2023 को बकाया राशि रू. 6,01,51,063.12 (रूपये छह करोड़ एक लाख इक्यावन हजार तिरसठ एवं पैसे बारह मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्तियों का वर्णन

सम्पत्ति 1- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू के नाम साम्पिक बंधक प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 1943 से 1945, मनवा खेड़ा, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 16425 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: प्रस्तावित रोड़ 40 फिट, पूर्व: प्लॉट नं. 2, पश्चिम: अन्य भूमि

सम्पत्ति 2- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री विरे